# अध्याय 23: स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन कॉल और इंटरनेट एक्सेस

स्थानीय फिक्स लाइन और अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन सेवाएँ प्रदान करने वाले प्रमुख ऑपरेटरों में हांगकांग ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड, HGC ग्लोबल कम्युनिकेशंस लिमिटेड के साथ-साथ PCCW-HKT टेलीफोन लिमिटेड और हांगकांग टेलीकम्युनिकेशंस (HKT) लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय कालिंग कार्ड सेवाएँ प्रदान करने वाले अनेक अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन सेवा प्रदाता हैं। मोबाइल वॉयस और डेटा सेवाएँ प्रदान करने वाले प्रमुख ऑपरेटर चाइना मोबाइल हांगकांग कंपनी लिमिटेड, हांगकांग टेलीकम्युनिकेशंस (HKT) लिमिटेड, हचिसन टेलीफोन कंपनी लिमिटेड (यानी 3HK) और स्मार्टोन मोबाइल कम्युनिकेशंस लिमिटेड हैं।

आप अपने घर या व्यावसायिक परिसर में फिक्स्ड लाइन फोन से और विभिन्न स्थानों[1] पर पेफोन (सशुल्क फोन) से स्थानीय या अंतर्राष्ट्रीय कॉल कर सकते हैं। आप स्थानीय मोबाइल ऑपरेटरों द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल फोन सेवाओं का उपयोग करके हांगकांग में लगभग प्रत्येक स्थान पर कॉल कर सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं और इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं।

## स्थानीय कॉल

फिक्स्ड लाइन टेलीफोन सेवा प्रति लाइन एक समान मासिक शुल्क पर असीमित उपयोग के साथ प्रदान की जाती है। दूसरे शब्दों में, व्यक्तिगत स्थानीय वॉयस कॉल के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। पेफोन से स्थानीय कॉल करने की लागत प्रति 5

[1] सार्वजनिक पेफोन कियोस्क के स्थान यहां उपलब्ध हैं: https://www.ofca.gov.hk/en/news_info/data_statistics/fixed_services/public_payphone/index.html

मिनट के लिए HK$1 है। मोबाइल वॉयस सेवाओं के लिए, स्थानीय मोबाइल ऑपरेटरों द्वारा दिए जाने वाले प्रीपेड सिम कार्ड आमतौर पर उनकी रिटेल दुकानों और किराना स्टोर में उपलब्ध होते हैं। ये सिम कार्ड, जिन्हें सेवा कार्यशीलन[2] से पहले वास्तविक नाम पंजीकरण की आवश्यकता होती है, 3G, 4G, या 5G मानक अनुकूल हैंडसेट के साथ उपयुक्त रूप से उपयोग किए जा सकते हैं।

फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सेवा दोनों के लिए, आपातकालीन सेवा (**फिक्स्ड सेवा के लिए 999; मोबाइल सेवा के लिए 999 या 112**) पर कॉल करने के लिए और डायरेक्ट्री पूछताछ[3] के लिए (अंग्रेजी बोलने वालों के लिए **1081**; कैंटोनीज बोलने वालों के लिए **1083**; पुर्तगाली बोलने वालों के लिए **1088**) निःशुल्क हैं।

## इंटरनेट ऐक्सेस

आप स्थानीय मोबाइल ऑपरेटरों द्वारा प्रदान की गई मोबाइल डेटा सेवाओं का उपयोग करके आसानी से इंटरनेट को ऐक्सेस कर सकते हैं। इन ऑपरेटरों के द्वारा प्रदान की जाने वाली 3G, 4G, या 5G मोबाइल सेवाओं का समर्थन करने वाले सिम कार्ड हांगकांग में व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। स्थानीय मोबाइल ऑपरेटरों के मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से ऑनलाइन होने के अलावा, आप सार्वजनिक पुस्तकालयों और खेल स्थलों जैसे नामित सरकारी परिसर में सार्वजनिक निःशुल्क Wi-Fi इंटरनेट एक्सेस का भी आनंद ले सकते हैं। सरकारी Wi-Fi सेवाओं से जुड़ने के लिए, आपको उपयुक्त Wi-Fi डिवाइस या Wi-Fi फंक्शन वाले स्मार्टफोन की आवश्यकता होती है। मुफ्त Wi-Fi सेवाओं का उपयोग करने के लिए कोई उपयोगकर्ता पंजीकरण आवश्यक नहीं है। कई

---

[2] स्थानीय तौर पर जारी और उपयोग किए जाने वाले सभी सिम कार्ड (वॉयस, डेटा और/या **SMS** सेवाओं वाले सिम कार्ड सहित) को कार्यशीलन से पहले वास्तविक नाम पंजीकरण की आवश्यकता होती है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://www.ofca.gov.hk/en/consumer_focus/guide/hot_topics/sim_registration/index.html पर विषयगत वेबपेज देखें।

[3] हांगकांग में, मोबाइल ऑपरेटरों द्वारा टेलीफोन निर्देशिका पूछताछ सेवाओं का प्रावधान उनके अपने व्यावसायिक निर्णय के अधीन है। आपको सलाह दी जाती है कि आप अपने मोबाइल ऑपरेटरों से ऐसी सेवाओं की उपलब्धता की जाँच करें।

निजी परिसर जैसे कि रेस्तरां, कैफे और शापिंग मॉल भी दुकानदारों और ग्राहकों को निःशुल्त Wi-Fi सेवाएं प्रदान करते हैं, लेकिन उनके लिए उपयोगकर्ता पंजीकरण या पासवर्ड की आवश्यकता हो सकती है।

## अंतर्राष्ट्रीय कॉल

हांगकांग से दुनिया के अधिकांश देशों और क्षेत्रों में; और मैनलैंड चीन के अधिकांश शहरों और कस्बों में अंतर्राष्ट्रीय कॉल की जा सकती हैं। आप हांगकांग से कॉल करने और विदेशों से हांगकांग को कॉल करने के लिए इंटरनेशनल डायरेक्ट डायलिंग (IDD) सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

इसके अलावा, हांगकांग में सभी मोबाइल ऑपरेटर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग सेवा प्रदान करते हैं। हांगकांग आने से पहले, आप अपने देश में मोबाइल ऑपरेटरों द्वारा दी जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग सेवा की सदस्यता ले सकते हैं (और जांचें लें कि उनके पास हांगकांग में रोमिंग पार्टनर हैं या नहीं)। उसके बाद आप अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके हांगकांग में स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय कॉल कर सकते हैं। यह सेवा आपके देश में मोबाइल ऑपरेटर के रोमिंग शुल्क के अधीन है।

आप हांगकांग से अन्य देशों (अपने गृह देश सहित) को कॉल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कॉलिंग कार्ड भी खरीद सकते हैं। इस प्रकार का कॉलिंग कार्ड आमतौर पर स्थानीय ऑपरेटरों की दुकानों और किराना स्टोरों से उपलब्ध है।

किसी भी फिक्स्ड लाइन फोन या मोबाइल फोन द्वारा कॉल करने के अलावा, आप पेफोन पर सिक्के या कॉलिंग कार्ड का उपयोग कर सकते हैं।

# अक्सर उपयोग किए जाने वाले IDD कोड

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Country Code of Bangladesh** | | | **880** |
| **Country Code of India** | | | **91** |
| Bombay (Mumbai) | 22 | Calcutta (Kolkatta) | 33 |
| Madras (Chennai) | 44 | New Delhi | 11 |
| **Country Code of Indonesia** | | | **62** |
| Bandung | 22 | Denpasar (Bali) | 36 |
| Jakarta | 21 | Semarang | 24 |
| Surabaya | 31 | | |
| **Country Code of Nepal** | | | **977** |
| **Country Code of Pakistan** | | | **92** |
| Islamabad | 51 | Karachi | 21 |
| Lahore | 42 | Multan | 61 |
| Sukkur | 71 | | |
| **Country Code of Philippines** | | | **63** |
| Angeles | 455 | Bacolod | 34 |
| Baguio | 74 | Cebu | 32 |
| Davao | 82 | Iloilo | 33 |
| Makati | 2 | Manila | 2 |
| **Country Code of Sri Lanka** | | | **94** |
| **Country Code of Thailand** | | | **66** |
| Bangkok | 2 | Chiang Mai | 53 |
| Hua Hin | 32 | Pattaya | 38 |
| Phuket | 76 | | |